अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

निविदा फार्म का मूल्य–1000/– रूपये

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2018–2019 हेतु हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली उच्च गुणवत्ता की प्रमाणित हर्बल कच्ची औषधियां/मसाले/तेल/घनसत्व की क्रय आपूर्ति के संबंध में जारी ऑनलाइन लघु निविदा (तृतीय आमंत्रण)

(आनलाइन निविदा बोली प्रस्तुत (अपलोड) करने की

अंतिम दिनांक 24.09.2018 समय सायं 5.00 बजे तक)

## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)

वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : (0755) 2970629, 2970630 फैक्स : (0755) 2417670

Website: www.vindhyherbals.com , Email: mfpparc@gmail.com, mfp_parc@rediffmail.com

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

**<u>हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उच्च गुणवत्ता की हर्बल कच्ची औषधियां मसाले/तेल/घनसत्व की क्रय आपूर्ति हेतु आनलाइन (तृतीय आमंत्रण) लघु निविदा/बोली की अधिसूचना</u>**

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण की इकाई **<u>लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2018–2019 के लिये आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उत्तम गुणवत्ता एवं प्रमाणित शुद्धता की हर्बल कच्ची औषधियां मसाले/तेल/घनसत्व की क्रय आपूर्ति</u>** हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं/ निविदाकारों से आनलाइन लघु ई–निविदाएँ/वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

1. आनलाइन ई–निविदा से संबंधित विवरण म.प्र.शासन की ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in/Minor Forest Produce Processing and Research Center (MFPPARC) पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक बोलीदाता को आनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in पर पंजीयन कराना आवश्यक है।
3. निविदा प्रपत्र संस्था की बेवसाइट www.vindhyaherbals.com पर भी सन्दर्भ हेतु उपलब्ध रहेंगे।

**<u>निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी</u>**

| कार्यविवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| आनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | **10.09.2018 दिन सोमवार अपरान्ह 5.00 बजे से निविदा प्रपत्र www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन उपलब्ध रहेगा।** |
| आनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **24.09.2018 दिन सोमवार को अपरान्ह 5.00 बजे तक** |
| तकनीकी निविदा भौतिक रुप से (मय सेम्पल्स) जमा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | **24.09.2018 दिन सोमवार को सायंकाल 5.30 बजे तक– कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी भोपाल को प्राप्त हो जाना चाहिए।** |
| आनलाइन तकनीकी निविदा (मय भौतिक प्राप्त) खोलने का दिनांक एवं समय | **25.09.2018 दिन मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे से** |
| तकनीकी निविदा एवं प्रदाय सेम्पल्स के प्रयोगशाला परीक्षण में सफल निविदाकारों के आनलाइन वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने का दिनांक एवं समय | **27.09.2018 दिन गुरूवार को प्रातः 11.30 बजे से** |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | **राशि रूपये 1000/– (एक हजार रुपए ) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा** |
| आनलाइन निविदा प्रकिया शुल्क | **राशि रूपये 295/– (दौ सौ पंचान्नवे रुपए) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा** |
| ई.एम.डी./सत्यंकार राशि– | **राशि रूपये 50,000/–(रू.पचास हजार)** डिमान्ड ड्राफ्ट से जोकि "Chief Executive Officer, MFPPARC" के नाम से भोपाल में देय। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र,**
**भोपाल**

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

**आनलाइन निविदा प्रक्रिया से संबंधित नियम सूचना एवं शर्तेः–**

1. निविदा प्रपत्र ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन उपलब्ध रहेगा जहां से निविदाकार निविदा प्रपत्र को डाउनलोड कर सकेगें। निविदा प्रपत्र का क्रय राशि रुपए 1000/– (रू. एक हजार मात्र) का ई–पेमेन्ट कर किया जा सकेगा।
2. **सत्यंकार राशि–** सत्यंकार की राशि रूपये 50,000/– (रू. पचास हजार मात्र) होगी। सत्यंकार राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बैंक ड्राफ्ट जो कि Chief Executive Officer, MFPPARC के नाम से भोपाल में देय होगा। सत्यंकार राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। सत्यंकार राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
3. **ऐसे सफल निविदाकार जिनके द्वारा निविदा कमांक 782, दिनांक 13.04.2018 अथवा निविदा क्र. 979 दिनांक 01.06.2018 में सत्यंकार राशि जमा की गई है, उन्हें पुनः सत्यंकार राशि जमा करने की आवश्यकता नही है।** इस आशय का स्वलिखित कथन लेटरहेड पर प्रस्तुत किया जाए। विगत निविदा में जमा की गई **सत्यंकार राशि की प्रति स्केन कर अपलोड करना एवं संलग्न करना अनिवार्य है।**
4. बोलीदाता/निविदाकार ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट के माध्यम से दिनांक **10.09.2018 से 24.09.2018 सायंकाल 5.00 बजे तक** तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा आनलाइन अपलोड/प्रस्तुत कर सकेगें।
5. निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। सत्यंकार राशि के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
6. निविदाकार को बोली प्रपत्र आनलाइन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन पंजीयन करना होगा। आनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल हस्ताक्षर सुविधा उपलब्ध है, उन्हें नये डिजिटल हस्ताक्षर सुविधा लेने की आवश्यकता नही है।
7. सशर्त बोली स्वीकार नही की जाएगी।
8. आनलाइन निविदा बोली के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
   **(1) तकनीकी निविदा**
   **(2) वित्तीय निविदा**
9. तकनीकी निविदा बोली में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।
10. निविदाकार का विगत 3 वर्षो का न्यूनतम टर्नओवर निम्नानुसार होना आवश्यक है–
    - **वित्तीय वर्ष 2014–15 हेतु 15 लाख रुपए**
    - **वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु 25 लाख रुपए**
    - **वित्तीय वर्ष 2016–17 हेतु 50 लाख रुपए**
11. **आनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार/बोलीदाता यह सुनिश्चित कर ले कि परिशिष्ठ–1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु सक्षम है।**

अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा / 3 / 18 / 1762 दिनांक 07.09.2018

12. आपूर्ति की गई सामग्री यदि निर्धारित मानदंडों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरुप नही पाई जाती तो निविदाकार स्वयं के व्यय पर उसे बदलेगा। मानक अनुरुप आपूर्ति न करने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
13. बोली प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में ई–प्रोक्योरमेंट बेवसाइट www.mpeproc.gov.in पर आनलाइन दिनांक 24.09.2018 तक अपरान्ह 5.00 बजे तक जमा कराए जा सकते है। आनलाइन एवं भौतिक रुप से प्राप्त तकनीकी निविदाएं **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 25.09.2018 दिन मंगलवार को अपरान्ह 11.30 बजे से निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिती में खोली जाएंगी।**
14. यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, अथवा तकनीकों कारणों से निविदा नही खुल पाती तो अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।
15. निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।
16. बोली खोलने की तिथि को किसी कारण वश यदि सारी निविदा नही खोली जा सकी तो, अगले कार्यदिवस में शेष निविदा खोलने का कार्य जारी रहेगा।
17. तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी।
18. **निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ सत्यंकार राशि का डिमान्ड ड्राफ्ट्स एवं निम्नलिखित दस्तावेज भौतिक रुप से व्यक्तिगत अथवा डाक द्वारा दिनांक 24.09.2018 को सायंकाल 5.30 बजे तक ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी'', लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में जमा कराया जाना आवश्यक है–**
    I. सत्यंकार राशि का बैंक ड्राफ्ट।
    II. निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छाया प्रति।
    III. चार्टड एकाउटेंट / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्ष का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट संलग्न करें।
    IV. पिछले 3 आंकलन वर्षों (2015–16, 2016–17 एवं 2017–18) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति संलग्न करें।
    V. संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये अधिकार पत्र संस्था के लेटरहेड पर संलग्न करें।
    VI. निविदाकार द्वारा इस आशय का स्वलिखित घोषणा पत्र लेटरहेड अथवा 50 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर संलग्न करना होगा कि उसका नाम वन विभाग अथवा अन्य किसी शासकीय विभाग की काली सूची में दर्ज नहीं है।

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु कमांक– I से VI तक के प्रपत्र एवं दस्तावेज स्केन कर आनलाइन तकनीकी लिफाफे में अपलोड करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी।**

VII. प्रदाय की जाने वाली प्रस्तावित कच्ची सामग्री प्रति नग के सेम्पल निम्नानुसार मात्रा में संलग्न किया जाना अनिवार्य हैं –
   i. **हर्बल कच्ची सामग्री– 100 ग्राम पैकेजिंग में।**
   ii. **तरल सामग्री–100 एमएल पैकेजिंग में।**
   iii. **भस्म/मसालें/रसायन–50 ग्राम पैकेजिंग में।**

VIII. प्रदाय प्रत्येक सेम्पल/पैकिट के ऊपर आपूर्तिकर्ता का नाम एवं उत्पाद का नाम सामग्री के कोड नम्बर सहित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सूची के अनुसार स्पष्ट तौर पर लिखा जाए, उक्त जानकारी के अभाव में (जिस पर वर्णन नही होगा) **प्रदाय सेम्पल/उत्पाद को अमान्य कर दिया जाएगा ।**

IX. **निविदा समिति निविदाकारों द्वारा प्रदाय सेम्पल की गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन के आधार पर एवं संलग्न अभिलेखों के आधार पर ही संबंधित निविदाकारों के वित्तीय निविदा प्रस्ताव दिनांक 27.09.2018 दिन गुरूवार प्रातः 11.30 बजे से खोले जाएगें।**

X. परिशिष्ट–II के अनुसार निविदाकार द्वारा घोषणा, हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

XI. निविदाकार की संस्था/उसके सहभागी/गठन पता, दूरभाष नं., फैक्स नं., ई–मेल नं. का दस्तावेज, परिशिष्ट–III के अनुसार हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित।

XII. निविदाकार चैकलिस्ट परिशिष्ट–IV अनुसार क्रमबद्ध तरीके से अभिलेखों को एकसाथ बांधकर संलग्न करेंगे।

XIII. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर/सील अंकित की जाए।

19. **<u>तकनीकी निविदा प्रस्तुत करते समय</u>** सीलबन्द लिफाफे के ऊपर **''आयुर्वेदिक उत्पादों के निर्माण कार्य हेतु हर्बल कच्ची औषधियां/भस्म/मसालें/तेल/घनसत्व की आपूर्ति** '' लिखा होना चाहिए। निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

20. **तकनीकी निविदा ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल''** के नाम से भेजी जाए।

21. स्व–सहायता समूह/सहकारी समितियों को सत्यंकार राशि जमा करने की छूट रहेगी। इसके लिये निविदाकार को प्रमाणित अभिलेख प्रस्तुत करना होगा।

22. ***तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के आनलाइन वित्तीय निविदा प्रस्ताव इस कार्य हेतु गठित विषय विशेषज्ञों की समिति की अनुशंसाओं <u>(गठित समिति निविदा में प्राप्त सेम्पल्स का भौतिक, रसायनिक एवं वानस्पतिक परीक्षणों उपरांत अपनी अनुशंसाएं उच्च स्तरीय निविदा समिति को प्रस्तुत करेगी।)</u> के उपरांत सफल निविदाकारों के वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोले जाएगें।***

23. यह संस्थान विलम्ब या अप्राप्त होने वाली तकनीकी निविदा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

24. फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

25. **वित्तीय निविदा प्रस्ताव** निविदाकार **<u>परिशिष्ठ–I</u>** की सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में **<u>आनलाइन</u>** ही प्रस्तुत करेगें। भौतिक रुप से वित्तीय निविदाएं मान्य नही की जाएंगी।

**25.1 वित्तीय निविदा में उत्पाद की दरें प्रति किलोग्राम / लीटर के अनुसार <u>बिना कर / टेक्स</u> प्रस्तुत की जाएं।**

**25.2 प्रस्तुत उत्पादों की दरें भोपाल स्थित केन्द्र तक माल पहुंचाने, परिवहन एवं अनलोडिंग सहित होगीं।**

**25.3 प्रदायित सामग्री पर नियमानुसार टेक्स / करों का भुगतान किया जाएगा।**

26. किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

27. **निविदाकार का करारनामा–** सफल निविदाकार द्वारा रूपये 500/– के नॉनज्यूडिशियल / नोटराइज्ड स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (इसका वहन निविदाकार द्वारा किया जाना है) **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल''** के साथ स्वीकृति सूचना के 15 कार्य दिवस के अन्दर किया जाना अनिवार्य है।

28. **<u>आपूर्ति की शर्तें–</u>**

- निविदाकार को केन्द्र की आवश्यकतानुसार कब–कब, क्या–क्या और कितनी मात्रा में उत्पाद आपूर्ति / सप्लाई करना है इसकी सूचना लिखित में दी जावेगी। आपूर्ति / सप्लाई **लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर बरखेड़ा पठानी, भोपाल** में की जाएगी।
- **<u>हर्बल कच्ची औषधियां / भस्म / मसालें / तेल / घनसत्व की आपूर्ति करते समय प्रत्येक सामग्री का आपूर्तिकर्ता को NABL प्रमाणित प्रयोगशाला से गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन संलग्न करना अनिवार्य है। मानक परीक्षण प्रतिवेदन संलग्न न किए जाने पर सामग्री के गुणवत्ता परीक्षण पर हुए व्यय राशि की कटौती भुगतान की जाने वाली राशि से की जाएगी।</u>**
- आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री के प्राप्ति स्त्रोत का विवरण देना अनिवार्य है।
- **<u>उत्पादों की परिशिष्ठ–1</u>** में उल्लेखित मात्रा को कम करना या बढ़ाने का अधिकार **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को होगा।
- यदि सप्लाई अधिकतम 15 कार्य दिवसों में नहीं की जाती है तो **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को यह अधिकार होगा कि वह कुल सप्लाई मूल्य का <u>1%</u> पैनल्टी के रूप में कटौती कर लें।
- निविदाकार द्वारा भेजे गए उत्पाद की प्राप्ति के समय मात्रा में कमी या ह्रास की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। जिस उत्पाद के लिए सप्लाई आदेश जारी नहीं किया गया उसकी प्राप्ति के लिए **लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** उत्तरदायी नहीं होगा।
- सफल निविदाकार के कार्यालय और गोदाम का **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।
- एम.एफ.पी.–पार्क को कच्चा माल प्रदाय करने वाली प्राथमिक वनोपज समितियों को उच्च गुणवत्ता के कच्चे माल प्रदाय किये जाने पर प्राथमिकता दी जायेगी।
- निविदाकार द्वारा कोई भी उत्पादों की आपूर्ति sublet द्वारा नहीं की जा सकेगी।
- आपूर्ति आदेश के विरुद्ध निविदाकार यदि आदेशित मात्रा एवं निर्धारित दरों पर सामग्री प्रदाय नही करता है तो उसे लिखित में इस कार्यालय को अपनी असहमति से अवगत कराना होगा इस स्थिति में आगामी निर्णय मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा किया जाएगा।
- सफल निविदाकार द्वारा उल्लेखित कच्ची वनोपज की निर्धारित मात्रा एवं समय पर प्रदाय न करने की दशा में बाजार से सीधा क्रय कर लिया जायेगा तथा क्रय किये गये कच्ची सामग्री के

मूल्य में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा जमा सत्यंकार राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

**29. भुगतान–**

- आपूर्ति हेतु उत्पाद की कीमत के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।
- उत्पाद की प्राप्ति के अधिकतम 30 कार्य दिवस के भीतर देयक की प्रस्तुति पर भुगतान किया जावेगा।
- सत्यंकार राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई राशि, उनके आवेदन पर निर्णय उपरान्त वापिस कर दी जावेगी।

30. असुविधा से बचने के लिए कृपया निविदा भरने हेतु अंतिम दिनांक की प्रतीक्षा न करें। समस्त प्रक्रियाएं निर्धारित प्रपत्रों में ही करें।

31. **भुगतान में कटौती**–यदि प्रदाय उत्पाद में कमी या खराबी या ह्रास होता है तो भुगतान में उसकी कटौती की जावेगी।

32. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा ।

33. न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी,**
**भोपाल**

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

परिशिष्ट–1

## वित्तीय वर्ष 2018–2019 हेतु अवशेष कच्ची हर्बल औषधियां/सामग्री/मसालें/भस्म/घनसत्व

| क्र | कच्ची औषधि का नाम | वानस्पतिक नाम | वार्षिक आवश्यक अनुमानित मात्रा (कि.ग्रा./ली. में) |
|---|---|---|---|
| पी–1 | इमली क्षार | *Tamarindus indica* Linn. | 100 |
| पी–2 | कुटकी | *Picroprhiza kurroa Royle ex Benth.* | 1000 |
| पी–3 | लाल चंदन | *Pterocarpus santalinus* L. f. | 1000 |
| पी–4 | मृदुकपर्णी | *Phaseolus trilobus Vigna trilobata* | 200 |
| पी–5 | पुनर्नवा मूल | *Boerhavia diffusa* L. nom. cons. | 3000 |
| पी–6 | सरल काष्ठ | *Pinus roxburghii* Sargent syn. *P. longifolia* Roxb. | 200 |
| पी–7 | त्रायमाण | *Thalictrum foliolosum* DC. | 500 |
| पी–8 | कपूर | *Cinnamomum camphora* (L.) J.Presl. | 2000 |
| पी–9 | रोप्य (चांदी) भस्म | *Calx of Silver* ash | 10 |
| पी–10 | हिंगुल | *Sulphate of murcury* | 500 |
| पी–11 | रस सिंदूर | *Red sulphide of mercury* | 15 |
| पी–12 | मोती रॉ | *Pinctada maxima Jameson,* | 500 |
| पी–13 | कौंड़ी (कपार्दिका भस्म) | *Cypraea moneta* Linn. ash | 500 |
| पी–14 | पारा | *Scientific name -Hydrargyrum* | 600 |
| पी–15 | श्योनाक छाल | *Oroxylum indicum* (L.) Benth. ex Kurz | 1000 |
| पी–16 | सर्जरस | *Shorea robusta* | 1000 |
| पी–17 | वंग रा | *Stanum ash* | 100 |
| पी–18 | प्रवालमूल भस्म | *Corallium rubriam ash* | 100 |
| पी–19 | प्रवाल पिष्टी | *Coral calcium* | 100 |
| पी–20 | शिलाजीत पत्थर रॉ | *Asphatum* mineral | 1000 |
| पी–21 | मकरध्वज | *Red sulphide of mercury* | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पी–22 | करंज बीज तेल | *Pongamia pinnata oil* | 100 |
| पी–23 | चिरायता घनसत्व (10:1) | *Swertia Chirata ext.* | 100 |
| पी–24 | गुड़च्यादि घनसत्व (10:1) | *Tinspora cordifolia* (Thunb.) , *Azadiracta indica* A.Juss., *Nelumbo nucifera* Linn., *Coriandrum sativum* Linn., *Pterocarpus santalinus* Linn.f. | 400 |
| पी–25 | लाल चंदन घनसत्व (नायघन) (10:1) | *Pterocarpus santalinus ext.* | 100 |
| पी–26 | कमल फूल घनसत्व (10:1) | *Nelumbo Speciosum* | 100 |

अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा / 3 / 18 / 1762 दिनांक 07.09.2018

**परिशिष्ट –2**

**:: घोषणा ::**

**–––00–––**

1. मैं (नाम) ..........................................................आत्मज.................................................. एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) ..........................................................आत्मज.................................................. एतद् द्वारा सत्यंकार राशि हेतु बैंक ड्राफ्ट नं. ..........................दिनॉक ..................... ............. राशि रूपये ...............................जो कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र के नाम से भोपाल में देय है, जमा करता हूँ ।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तों **अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा / 3 / 18 / 1762 भोपाल दिनॉक 07.09.2018** के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

| | |
|---|---|
| दिनॉक .............................. | निविदाकार के हस्ताक्षर |
| साक्षी | |
| 1. हस्ताक्षर | नाम .................................................... |
| नाम.................................... | निविदाकार का पूरा पता |
| पता .................................... | (पत्र व्यवहार के लिये) |
| ............................................ | .............................................................. |
| दूरभाष क्रं......................... | .............................................................. |
| 2. हस्ताक्षर | दूरभाष क्रं. ........................................ |
| नाम ................................................................ | |
| पता ................................................................ | |
| दूरभाष क्रं......................... | |

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

**परिशिष्ट –3**

## संस्था/फर्म/वितरक/एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार/संस्था/फर्म/का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्रं. :

फैक्स क्रं. :

ई–मेल क्रं. :

GST क्रं. :

हस्ताक्षर ..................................................................

नाम ..................................................................

पदनाम ..................................................................

दूरभाष क्रं ...................................... ...........................

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा/3/18/1762 दिनांक 07.09.2018

**परिशिष्ट –4**

## चेक लिस्ट/जाँच सूची

| क्रं. | विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1. | सत्यंकारराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में | | | |
| 2. | जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र | | | |
| 3. | फर्म/संस्था/कम्पनी के गठन के दस्तावेज | | | |
| 4. | लाभ–हानि पत्रक, बैलेंस शीट | | | |
| 5. | आयकर से संबंधित जानकारी | | | |
| 6. | संस्था का अधिकार पत्र | | | |
| 7 | काली सूची में शामिल न होने का घोषणा पत्र | | | |
| 8. | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–II | | | |
| 9. | वितरक/एजेण्ट की जानकारी, परिशिष्ट–III | | | |
| 10. | सैम्पल्स एवं सैम्पल की सूची (जिनकी दरें वित्तीय निविदा में प्रस्तुत की गई है।) | | | |

**नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर प्रस्तुत करेंगे।**

हस्ताक्षर ............................................................

नाम ............................................................

पदनाम ............................................................

दूरभाष क्रं. ............................................................